## अनमोल वचन

"दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारो से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अदभूत होगा।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




वर्ष : 13 अंक : 267 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

रविवार
14 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -38 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -27 डिग्री सेल्सियस
सूर्य अस्त(आज) -7:19
सूर्य उदय(कल) - 5:22

# प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा, द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा

जीत समाचार नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम फ्रांस के नीस पहुंचेंगे। इसके साथ ही उनकी फ्रांस और स्लोवाकिया की दो देशों की यात्रा शुरू होगी। फ्रांस में प्रधानमंत्री जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

इसके बाद वे स्लोवाकिया जाएंगे, जहां दोनों देशों के संबंधों को विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले नीस में भारतीय समुदाय, स्टार्टअप उद्यमियों और कारोबारी जगत में उत्साह का माहौल है। उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।



स्लोवाकिया में भारत की राजदूत अपूर्वा श्रीवास्तव ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप लेने से भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार 1.8 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक हो चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा सहयोग के नए अवसर खोलेगी। दोनों देश रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उत्पादन और शोध को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से भारत और उसकी पर्यटन संभावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ेगी, जिससे भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त न्यूज

### भारतीय सेना को मिले 481 नए युवा अधिकारी




नई दिल्ली। भारतीय सेना को शनिवार 481 नए युवा अधिकारी मिले हैं। उत्तराखंड स्थित भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में आज 158वीं पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान युवा कैडेट्स ने अनुशासन, परिश्रम और सैन्य गौरव का अनुकरणीय प्रदर्शन किया। सैनिक परंपराओं और गौरवशाली विरासत के बीच यह आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा।

### डीआरडीओ ने किया लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल रोधी और मध्यम दूरी की पोत-रोधी क्षमता का सफल परीक्षण, रक्षा मंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल रोधी और मध्यम दूरी की पोत–रोधी क्षमता का प्रदर्शन करने वाले लगातार तीन सफल परीक्षणों के लिए बधाई दी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इन परीक्षणों ने भारत को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल हमले रोकने में सक्षम विशिष्ट देशों के समूह में शामिल कर दिया है।

श्री सिंह ने कहा कि डीआरडीओ ने विभिन्न प्रकार के खतरों के खिलाफ राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने वाली कई महत्वपूर्ण तकनीकों का सफल प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि उभरते मिसाइल खतरों से निपटने के लिए इन प्रणालियों को नवीनतम तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है।

## देश के नए थल सेनाध्यक्ष होंगे लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ



नई दिल्ली(एजेंसी)। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के नए थल सेनाध्यक्ष होंगे। वे फिलहाल थलसेना में वाइस चीफ के रूप में कार्यरत हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ 30 जून को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी 30 जून को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ खड़कवासला की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने दिसंबर–1986 में बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था। उन्हें सैन्य अभियान, रणनीतिक, क्षमता बढाने और संस्थागत क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है। उन्होंने लगभग चार दशकों के अपने विशिष्ट सैन्य करियर में भारतीय सेना की युद्ध क्षमता और दीर्घकालिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

जनरल सेठ ने विभिन्न परिस्थितियों में प्रत्येक स्तर पर कमान संभाली है। उन्होंने रेगिस्तानी क्षेत्र में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, पश्चिमी मोर्चे में एक बख्तरबंद ब्रिगेड और जम्मू–कश्मीर में एक आतंकवाद–रोधी बल की कमान संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने भारतीय सेना की प्रमुख आक्रमण इकाइयों में से एक, सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली। बाद में उन्होंने दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य अभियानों और औपचारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण स्टाफ और रणनीतिक पदों पर कार्य किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने पेरिस में प्रतिष्ठित कमांड एंड स्टाफ कोर्स में भी भाग लिया है, जो समकालीन सैन्य मामलों के प्रति उनके व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण और समझ को दर्शाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र प्रणालियों का असाधारण प्रदर्शन भारत की बढ़ती शक्ति का प्रमाणः रक्षा मंत्री




नई दिल्ली(एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र प्रणालियों का असाधारण प्रदर्शन भारत की रक्षा अनुसंधान और विकास व्यवस्था की बढ़ती शक्ति का प्रमाण है। श्री राजनाथ सिंह ने कल हैदराबाद में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रक्षेपास्त्र परिसर के अंतर्गत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला में उन्नत हथियार प्रणाली परिसर का उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि डीआरडीओ की आकाश और ब्रह्मोस प्रणालियों ने वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी व्यवस्था में भारत की क्षमता प्रदर्शित की है। श्री सिंह ने कहा कि शांति के लिए शक्ति आवश्यक है और आत्मनिर्भरता उस शक्ति का सबसे विश्वसनीय आधार है।

रक्षा मंत्री ने युद्ध की तेजी से बदलती प्रकृति के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए सुगमता और प्रतिरोध क्षमता के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया।


## जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन अपना नाम परिवर्तन, मकान, शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे। 9803025111, 8878400009

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल देहरादून में पासिंग आउट परेड का करेंगी निरीक्षण



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल उत्तराखंड के देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगी। इस वर्ष के ऐतिहासिक पासिंग आउट परेड में पहली बार लड़कों के साथ लड़कियां भी परेड में शामिल होंगी। इस भव्य समारोह में 500 से अधिक लड़के और लड़कियां सेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त करेंगे।

## अमरीकी उद्योगपति एलन मस्क बने दुनिया के पहले खरबपति



अमरीका(एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन गए हैं। यह उपलब्धि उनकी कंपनी स्पेसएक्स के शेयर बाजार में शानदार शुरुआत के बाद हासिल हुई है, स्पेसएक्स के शेयरों का मूल्यांकन बढ़कर लगभग 2 लाख 10 हजार करोड़ डॉलर हो गया है।

कारोबार के पहले दिन स्पेसएक्स के शेयरों में 19 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे कंपनी में एलन मस्क की हिस्सेदारी का मूल्य भी काफी बढ़ गया।

## कांगो में इबोला के 679 मामले, 139 मौत की पुष्टि

कांगो(एजेंसी)। में इबोला के मामलों की संख्या बढ़कर 679 हो गई है। वही, अब तक 139 मौत की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इटुरी प्रांत में 17 नए मामले और पांच अतिरिक्त मौतें दर्ज की गई हैं।

बुंडीबुग्यो स्ट्रेन से जुड़ा यह प्रकोप इटुरी, उत्तरी किवु और दक्षिणी किवू के 29 स्वास्थ्य क्षेत्रों में फैल चुका है। अधिकारियों ने चिकित्सा सामग्री की कमी, सीमित उपचार क्षमता और धन की कमी को लेकर चिंता जताई है।

## ईरान ने अमरीका से कहाय प्रमुख शर्तों को पूरा किए बिना, शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं



ईरान(एजेंसी)। ईरान ने कहा है कि वह अमरीका के साथ जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अंतिम शांति समझौते पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक उसकी प्रमुख शर्तें पूरी नहीं हो जाती। हालांकि, ऐसी खबरें हैं कि दोनों पक्ष शुरूआती समझौते के करीब हैं।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर लिया गया है और आने वाले दिनों में इस पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। हालांकि, ईरान ने कहा है कि वह तब तक स्थायी समझौता नहीं करेगा जब तक अमरीका अपनी नौसैनिक नाकाबंदी नहीं हटाता और अरबों डॉलर की फ्रीज की गई परिसंपत्तियों के नुकसान की भरपाई नहीं करता।

इस बीच, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चल रही गुप्त वार्ता में अमरीकी और पाकिस्तानी मध्यस्थों ने पुष्टि की कि दोनों पक्ष, शांति समझौते के मसौदे पर सहमत हो गए हैं।

# रूस से तेल खरीदने के भारत के निर्णय का फिनलैंड ने किया समर्थन



रूस(एजेंसी)। फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनेन ने रूस से तेल खरीदने के भारत के निर्णय का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने पश्चिमी देशों की निर्धारित मूल्य सीमा का पालन किया है। फिनलैंड में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि यह मूल्य सीमा वैश्विक तेल आपूर्ति को बनाए रखने और रूस के मुनाफे को सीमित करने के लिए बनाई गई थी। इसका अर्थ है कि भारत ने ठीक वही किया जो निर्धारित था।

श्री जयशंकर ने यूरोपीय देशों की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों ने यूरोप को मध्य पूर्व से तेल खरीदने के लिए मजबूर किया, जिससे भारत को अन्य किफायती विकल्प तलाशने पड़े। उन्होंने नियमों में बदलाव के लिए अमरीका की आलोचना करते हुए कहा कि अमरीका ने पहले वैश्विक बाजारों को स्थिर करने के लिए भारत से रूस से तेल खरीदने का आग्रह किया था, लेकिन बाद में भारतीय आयात पर शुल्क लगा दिया।

## भारत-बांग्लादेश ने सीमा पर शांति, स्थिरता और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की



नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश ने सीमा पर शांति, स्थिरता और सद्भाव बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल और बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के बीच 57वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन 8 से 11 जून तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में दोनों देशों ने समन्वित गश्त को और मजबूत करने, सतर्कता बढ़ाने, वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सुधार और सीमा पार आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त प्रयासों को तेज करने पर सहमति व्यक्त की।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने और बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमान सिद्दीकी ने किया। अगला सम्मेलन इस वर्ष नवंबर में ढाका में आयोजित करने का प्रस्ताव है।

## दक्षिण कोरिया में सिओल अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को 30 वर्ष की जेल की सजा सुनाई



दक्षिण कोरिया(एजेंसी)। दक्षिण कोरिया में सिओल अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को आज 30 वर्ष की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने उन्हें उत्तर कोरिया के साथ तनाव बढ़ाने और दिसंबर 2024 में मार्शल लॉ लागू करने को उचित ठहराने के लिए ड्रोन घुसपैठ का आदेश देने का दोषी पाया।


सियोल केंद्रीय जिला न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति को दुश्मन को लाभ पहुंचाने और सत्ता के दुरुपयोग का दोषी ठहराया। पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून को भी इस मामले में 30 वर्ष की सजा सुनाई है।

अदालत ने कहा कि यून ने अक्टूबर 2024 में उत्तर कोरिया को उकसाने और मार्शल लॉ लागू करने का आधार तैयार करने के उद्देश्य से ड्रोन अभियानों को मंजूरी दी थी। पूर्व रक्षा खुफिया कमान प्रमुख यो इन-ह्युंग को 15 वर्ष के कारावास की सजा दी गई। पूर्व ड्रोन संचालन कमान प्रमुख किम योंग-डे को तीन वर्ष की सजा सुनाई गई, जिसे पांच वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया।

# 21 जून को होने वाली नीट–यूजी परीक्षा को पारदर्शी

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। 21 जून को होने वाली नीट–यूजी परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी श्रीमती वर्षा खांगवाल ने सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा के लिए जिल में 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं । अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा, जबकि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।






## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की मंजूरी से सोनीपत के 200 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल को अपग्रेड कर 300 बिस्तरीय किया जाएगा

जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में दो बड़े निर्णय लिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की मंजूरी से सोनीपत के 200 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल को अपग्रेड कर 300 बिस्तरीय किया जाएगा, जबकि हिसार के पनिहार चक में नया उप–स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। इन निर्णयों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के अबोहर में आयोजित ओबीसी समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

जीत समाचार हरियाणा।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के अबोहर में आयोजित ओबीसी समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा, ष्ओबीसी समाज शिक्षा, कृषि, रक्षा और राष्ट्र निर्माण में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है तथा अपने अधिकारों, सम्मान और भविष्य को लेकर जागरूक और संगठित हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय को सरकार की नीति और नियत में ईमानदारी से लागू किया गया तथा ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर समाज को अधिकारों की नई शक्ति प्रदान की गई।

उन्होंने समाज से एकजुट होकर एक मजबूत सामाजिक शक्ति के रूप में उभरने का आह्वान किया।

## 912.70 करोड़ के अतिरिक्त बिजली अवसंरचना कार्यों को मंजूरी प्रदान की

जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरों)। हरियाणा में बिजली क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता वाली वितरण सुधार समिति (डीआरसी) ने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत ₹912. 70 करोड़ के अतिरिक्त बिजली अवसंरचना कार्यों को मंजूरी प्रदान की है। समिति ने प्रस्ताव को आरडीएसएस की मॉनिटरिंग समिति के विचार एवं अनुमोदन हेतु पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) तथा ऊर्जा मंत्रालय को भेजने की भी स्वीकृति दी है।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियां देश की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूटिलिटीज में शामिल होकर लाइन लॉस में उल्लेखनीय कमी और परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज कर चुकी हैं।




समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।

किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।

9803025111,9872081907,7696420000,98721 77784,8427566893

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

www.zeetsamachar.com रविवार, 14 जून 2026

# संपादकीयः संपादक की कलम से

## फास्ट फूड से कई गंभीर नुकसान

फास्ट फूड का स्वाद भले ही बहुत आकर्षक होता है, लेकिन हमारे स्वास्थ्य के लिए इसके कई गंभीर नुकसान हैं। अत्यधिक फास्ट फूड का सेवन शरीर पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

यहाँ फास्ट फूड के प्रमुख नुकसानों की जानकारी दी गई है।

**मोटापा**

फास्ट फूड में कैलोरी की मात्रा बहुत अधिक होती है, लेकिन इसमें पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसके नियमित सेवन से वजन तेजी से बढ़ता है, जिससे मोटापे की समस्या हो सकती है।

**हृदय रोगों का खतरा**

फास्ट फूड में ट्रांस फैट और सैचुरेटेड फैट की मात्रा बहुत अधिक होती है। यह शरीर में 'बैड कोलेस्ट्रॉल' को बढ़ाता है और 'गुड कोलेस्ट्रॉल' को कम करता है, जिससे दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**पाचन संबंधी समस्याएं**

इन खाद्य पदार्थों में फाइबर की भारी कमी होती है। फाइबर के बिना पाचन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे कब्ज लजह8, एसिडिटी और पेट से जुड़ी अन्य समस्याएं होने लगती हैं।

**टाइप 2 डायबिटीज**

फास्ट फूड में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और चीनीकी अधिकता होती है। यह शरीर में ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाता है, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंस पैदा होता है और भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

**हाई ब्लड प्रेशर**

फास्ट फूड को स्वादिष्ट और लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इसमें सोडियम (नमक) का बहुत अधिक उपयोग किया जाता है। अत्यधिक नमक के सेवन से ब्लड प्रेशर बढ़ता है, जो किडनी और हृदय के लिए हानिकारक है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव**

अध्ययनों से पता चला है कि अधिक फास्ट फूड खाने से अवसाद और चिंता का खतरा बढ़ सकता है। मस्तिष्क के सही कार्य करने के लिए आवश्यक ओमेगा–3 फैटी एसिड और विटामिन की कमी अक्सर फास्ट फूड में होती है।

**त्वचा और ऊर्जा में कमी**

त्वचाः अधिक तेल और मसालों के कारण पिंपल्स और समय से पहले बुढ़ापे के लक्षण दिख सकते हैं।

ऊजारू फास्ट फूड खाने से तुरंत ऊर्जा तो मिलती है, लेकिन वह बहुत जल्दी गिर जाती है, जिससे थकान और सुस्ती महसूस होती है।

**निष्कर्ष** : फास्ट फूड का सेवन कभी–कभी स्वाद के लिए करना ठीक हो सकता है, लेकिन इसे अपनी नियमित आदत नहीं बनाना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए घर का बना ताजा और संतुलित भोजन (दाल, हरी सब्जियां, फल और साबुत अनाज) लेना सबसे बेहतर विकल्प है।

कमल पवार

# सम्पादकीय

## खरगोश की चतुराई

किसी घने वन में एक बहुत बड़ा शेर रहता था। वह रोज़ शिकार पर निकलता और एक ही नहीं, दो नहीं कई–कई जानवरों का काम तमाम देता। जंगल के जानवर डरने लगे कि अगर शेर इसी तरह शिकार करता रहा तो एक दिन ऐसा आयेगा कि जंगल में कोई भी जानवर नहीं बचेगा।

सारे जंगल में सनसनी फैल गई। शेर को रोकने के लिये कोई न कोई उपाय करना जरूरी था। एक दिन जंगल के सारे जानवर इकट्ठा हुए और इस प्रश्न पर विचार करने लगे। अन्त में उन्होंने तय किया कि वे सब शेर के पास जाकर उनसे इस बारे में बात करें। दूसरे दिन जानवरों के एकदल शेर के पास पहुंचा। उनके अपनी ओर आते देख शेर घबरा गया और उसने गरजकर पूछा, "क्या बात है ? तुम सब यहां क्यों आ रहे हो ?"

जानवर दल के नेता ने कहा, "महाराज, हम आपके पास निवेदन करने आये हैं। आप राजा हैं और हम आपकी प्रजा। जब आप शिकार करने निकलते हैं तो बहुत जानवर मार डालते हैं। आप सबको खा भी नहीं पाते। इस तरह से हमारी संख्या कम होती जा रही है। अगर ऐसा ही होता रहा तो कुछ ही दिनों में जंगल में आपके सिवाय और कोई भी नहीं बचेगा। प्रजा के बिना राजा भी कैसे रह सकता है ? यदि हम सभी मर जायेंगे तो आप भी राजा नहीं रहेंगे। हम चाहते हैं कि आप सदा हमारे राजा बने रहें। आपसे हमारी विनती है कि आप अपने घर पर ही रहा करें। हर रोज स्वयं आपके खाने के लिए एक जानवर भेज दिया करेंगे। इस तरह से राजा और प्रजा दोनों ही चैन से रह सकेंगे।" शेर को लगा कि जानवरों की बात में सच्चाई है। उसने पलभर सोचा, फिर बोला अच्छी बात नहीं है। मैं तुम्हारे सुझाव को मान लेता हूं। लेकिन याद रखना, अगर किसी भी दिन तुमने मेरे खाने के लिये पूरा भोजन नहीं भेजा तो मैं जितने जानवर चाहूंगा, मार डालूंगा।" जानवरों के पास तो और कोई चारा नहीं। इसलिये उन्होंने शेर की शर्त मान ली और अपने–अपने घर चले गये।

उस दिन से हर रोज शेर के खाने के लिये एक जानवर भेजा जाने लगा। इसके लिये जंगल में रहने वाले सब जानवरों में से एक–एक जानवर, बारी–बारी से चुना जाता था। कुछ दिन बाद खरगोशों की बारी भी आ गई। शेर के भोजन के लिये एक नन्हें से खरगोश को चुना गया। वह खरगोश जितना छोटा था, उतना ही चतुर भी था। उसने सोचा, बेकार में शेर के हाथों मरना मूर्खता है अपनी जान बचाने का कोई न कोई उपाय अवश्य करना चाहिये, और हो सके तो कोई ऐसी तरकीब ढूंढ़नी चाहिये जिसे सभी को इस मुसीबत से सदा के लिए छुटकारा मिल जाये। आखिर उसने एक तरकीब सोच ही निकाली।

खरगोश धीरे–धीरे आराम से शेर के घर की ओर चल पड़ा। जब वह शेर के पास पहुंचा तो बहुत देर हो चुकी थी।

भूख के मारे शेर का बुरा हाल हो रहा था। जब उसने सिर्फ एक छोटे से खरगोश को अपनी ओर आते देखा तो गुस्से से बौखला उठा और गरजकर बोला, "किसने तुम्हें भेजा है ? एक तो पिद्दी जैसे हो, दूसरे इतनी देर से आ रहे हो। जिन बेवकूफों ने तुम्हें भेजा है मैं उन सबको ठीक करूंगा। एक–एक का काम तमाम न किया तो मेरा नाम भी शेर नहीं।"

नन्हे खरोगश ने आदर से जमीन तक झुककर, "महाराज, अगर आप कृपा करके मेरी बात सुन लें तो मुझे या और जानवरों को दोष नहीं देंगे। वे तो जानते थे कि एक छोटा सा खरगोश आपके भोजन के लिए पूरा नहीं पड़ेगा, 'इसलिए उन्होंने छह खरगोश भेजे थे। लेकिन रास्ते में हमें एक और शेर मिल गया। उसने पांच खरगोशों को मारकर खा लिया।"

जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 14 जून 2026, रविवार

## आज का राशिफल

**आज का पंचांग**

तिथि : चतुर्दशी 12:22. नक्षत्र : रोहिणी 10:15.
करण : शकुन 12:22. चतुश्पाद :10:24.
पक्ष : कृष्ण. योग : धृति 01:14.
चन्द्रमा : वृषभ | राहुकाल 05:35 – 07:19.
विक्रमी संवतम् : 2083. शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ. मास पूर्णिमांत ज्येष्ठ.
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:53 – 12:49.

**मेष राशि**
वरिष्ठों को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है. इस अवधि के दौरान कड़ी मेहनत और विनम्र स्वभाव ही सफलता की कुंजी है। सुनिश्चित करें कि कोई आपका विरोध न कर पाए अन्यथा कठिन निर्णय आपकी प्रगति को अवरुद्ध कर सकते है.

**वृषभ राशि**
व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आपको आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नवीन रास्ते भी मिलेंगें.परिवार के सदस्यों के साथ छोटी यात्राओं या भ्रमण की योजना बन सकती है.

**मिथुन राशि**
आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे. आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे.

**कर्क राशि**
आज आप में से कुछ लोगों को आपके व्यवसाय–साथी या किसी करीबी सहयोगी से समस्या हो सकती है. नए कार्यस्थल से जुडने या नई परियोजनाओं और उपक्रमों को शुरू करने के लिए दिन ज्यादा अनुकूल नही है.

**सिंह राशि**
आप में से कुछ प्रभावशाली लोगों से संबंध स्थापित कर सकते हैं. आप प्रेम–संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे. लेकिन आवेगी लगाव के कारण आपके जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है.

**कन्या राशि**
व्यावसायिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है. व्यवसाय में एक नए कार्य का आरंभ हो सकता है या आप एक नए सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं. जो भविष्य में लाभदायक रहेगा, ।

**तुला राशि**
गलतफहमी और लगातार असहमति परिवार के माहौल को निराशाजनक बना सकती है. तनाव आपके व्यवसाय पर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आपका कार्य स्थल पर सहकर्मियों और अधीनस्थों से टकराव होने का खतरा है.

**वृश्चिक राशि**
छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे और अपनी इच्छाओं के अनुरूप संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे. दिन के दौरान कुछ संपत्ति के मामलों से आप अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं.

**धनु राशि**
यह दिन आप में से अधिकांश के लिए मिश्रित प्रभावदायक है. अटकलें और आउटिंग पर भारी खर्च से कई लोगों का पर्स खाली हो सकता है. अपने खर्च को नियंत्रित करना बेहतर है. आप जीवन साथी और बड़ों के साथ संबंधों का आनंद लेंगे.

**मकर राशि**
आज व्यावसायिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है.वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकते हैं. आपका पारिवारिक जीवन अशांति का सामना कर सकता है.

**कुम्भ राशि**
यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है. आज व्यावसायिक एवं आर्थिक लाभ संभव है. किन्तु पारिवारिक जीवन में गड़बड़ी और संपत्ति के मामलों पर विवाद आपको निरंतर तनाव में रखेंगे.

**मीन राशि**
आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी. आप की आमदनी बढ़ेगी. आपको आमदनी के नए रास्ते भी मिलेंगे. भाई–बहनों और बड़ों के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिर्पोट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

## पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

# लुधियाना नगर निगम को मिला नया कमिश्नर

## IAS ओजस्वी संभालेंगे कमान






## ओजस्वी, IAS

(2020 बैच)

### अब होंगे लुधियाना नगर निमम के नए कमिश्नर

**अब तक का कार्य**

- एडिशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर, GLADA (ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी)

### नीरू कत्याल गुप्ता का तबादला

**नीरू कत्याल गुप्ता, IAS**
(2016 बैच)

**अब तक:** कमिश्नर, नगर निगम, लुधियाना

**नया पद:** विशेष सचिव, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन और कोऑर्डिनेशन

### क्या होगा फायदा?

- शहर के विकास कार्यों को मिलेगी नई गति
- सफाई व्यवस्था और सुविधाओं में होगा सुधार
- प्रशासनिक कार्यों में आएगी पारदर्शिता और तेजी
- जनहित के कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

**लुधियाना के बेहतर कल के लिए नई ऊर्जा, नया नेतृत्व, नई उम्मीदें...**

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल के साथ बिजनेस कम्युनिटी से मिलने का मौका मिला



जीत समावार चंडीगढ़। पंजाब स्टेट ट्रेडर्स मीट के दौरान मुझे नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल के साथ बिजनेस कम्युनिटी से मिलने का मौका मिला। बिजनेसमैन हमारे समाज की रीढ़ हैं और जॉब क्रिएटर हैं, लेकिन पिछली सरकारों ने अपने निजी फायदे के लिए उन्हें सिर्फ लूटा और परेशान किया। हमारी पॉलिसी साफ है, इसीलिए हम लोगों के हाथों में माइक्रोफोन देकर उनकी परेशानियां सुनने की हिम्मत रखते हैं। हमने श्इंस्पेक्टर राजश और रिश्वतखोरी खत्म करके बिजनेसमैन के लिए ऐसा माहौल बनाया है, जहां बिजनेस फले–फूले और युवाओं को रोजगार मिले। आपके दिए गए टैक्स का हर पैसा आज फ्री बिजली, नहर का पानी, बेहतरीन स्कूल, आम आदमी के लिए क्लीनिक और युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी के रूप में लोगों के पास वापस आ रहा है। ये सभी अचीवमेंट्स हमारी नहीं, आपकी हैं। श्आपकी सरकारश हमेशा बिजनेसमैन और पंजाब के आम लोगों की तरक्की के लिए आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## सदस्यों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देगी एसोसिएशन : राजेश सोनी



जीत समाचार लुधियाना(शर्मा): लुधियाना स्टील ब्रोकर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जनरल बॉडी बैठक एसोसिएशन कार्यालय में अध्यक्ष राजेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन का पुनर्गठन करते हुए राजेश गुप्ता को सर्वसम्मति से चेयरमैन नियुक्त किया गया।

नई कार्यकारिणी में संजीव अग्रवाल को महासचिव, राजेश गुप्ता (अगर नगर) को कोषाध्यक्ष तथा संजय जिंदल, सुकेश गुप्ता, मनप्रीत सिंह और आर.एन. चौबे को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दीपक भाटिया को फाउंडर मेंबर के रूप में नामित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा

कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य स्टील ब्रोकर्स समुदाय के हितों की रक्षा करना और सदस्यों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि उद्योग से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि कारोबारियों को बेहतर माहौल मिल सके।

नवनियुक्त चेयरमैन राजेश गुप्ता ने कहा कि संगठन केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता देगा। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में पौधारोपण अभियान, नेत्र जांच एवं उपचार शिविर तथा अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


बैठक के दौरान उद्योग और एसोसिएशन के सदस्यों के समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष राजेश सोनी ने भरोसा दिलाया कि संगठन सभी सदस्यों के सहयोग से हर समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा और उद्योग के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सोनी को पुलिस विभाग की एडवाइजरी कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर एसोसिएशन की ओर से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

बैठक में हेमराज, पवन कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक गुप्ता, मोहित गुप्ता, अशोक कुमार, नवीन कुमार, कैलाश कुमार, बिन्नी गर्ग, कुलवंत सिंह, सुनील महाजन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# मंत्री के दौरे के बीच निगम जोन–ए की बदहाल सफाई व्यवस्था उजागर, कार्यालय परिसर में लगे कूड़े के ढेर





जीत समाचार लुधियाना (शर्मा)। पंजाब सरकार द्वारा शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है और अधिकारियों को स्वयं मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद नगर निगम जोन–ए कार्यालय की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। कार्यालय परिसर और पार्किंग क्षेत्र में फैली गंदगी तथा कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर बयां कर रहे हैं।

गुरुवार को पंजाब सरकार के मंत्री मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने नगर निगम जोन–ए कार्यालय का दौरा कर सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। हालांकि कार्यालय परिसर में मौजूद गंदगी और कूड़े के ढेर लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहे।

स्थानीय स्तर पर की गई पड़ताल में सामने आया कि नगर निगम की पार्किंग में कई स्थानों पर कूड़ा जमा है और सफाई व्यवस्था संतोषजनक दिखाई नहीं देती। यह स्थिति उस स्थान की है जहां प्रतिदिन निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मी आते–जाते हैं।

गौरतलब है कि इसी कार्यालय में शहर के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी बैठते हैं। इसके बावजूद कार्यालय परिसर और पार्किंग क्षेत्र में फैली गंदगी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निगम अपने कार्यालय परिसर को ही स्वच्छ नहीं रख पा रहा, तो पूरे शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था के दावे कैसे पूरे किए जा सकते हैं।

नगर निगम कमिश्नर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण किए जाते हैं, लेकिन निगम कार्यालय के आसपास की स्थिति को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सफाई व्यवस्था की निगरानी हर स्तर पर प्रभावी ढंग से हो रही है। मौके पर मौजूद हालात से प्रतीत होता है कि लंबे समय से यहां समुचित सफाई नहीं की गई।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सबसे पहले निगम कार्यालय और उसके आसपास के क्षेत्र को साफ–सुथरा बनाया जाए, ताकि शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश मिल सके।

अब देखना यह होगा कि नगर निगम प्रशासन इस ओर कब ध्यान देता है और परिसर में फैली गंदगी को दूर करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## स्वच्छता अभियान के दावे खोखले: सुलह के राणा मान चन्द मेमोरियल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बदहाल शौचालय, परीक्षाओं के दौरान अव्यवस्था से परेशान रहे परीक्षार्थी

### काली दास प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी




जीत समाचार कांगड़ा/सुलह (अभिषेक न्यूज–एडिटर): प्रदेश भर में चल रहे स्वच्छता अभियान के दावे सुलह विधानसभा क्षेत्र के राणा मान चंद मेमोरियल गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दम तोड़ते नजर आए। 13 जून 2026 को एच.पी. टेट परीक्षा के दौरान स्कूल पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने परिसर में अव्यवस्थाओं और बदहाल शौचालयों को लेकर स्कूल व स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं।

**शौचालयों की दयनीय स्थिति पर जताया रोष**

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने स्कूल के शौचालयों की खराब स्थिति पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी इन बुनियादी सुविधाओं का न होना प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। काली दास ने इसे सरकार के 'स्वच्छता अभियान'पर एक बड़ा तमाचा बताया।

**परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं**

स्कूल की अव्यवस्था का एक और पहलू तब सामने आया जब परीक्षा देने आए छात्रों और उनके परिजनों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई। स्कूल में एक विशाल खेल का मैदान उपलब्ध होने के बावजूद, प्रशासन ने इसका मुख्य द्वार नहीं खोला। जिसके परिणामस्वरूप: परीक्षार्थियों और उनके परिजनों को मजबूरन अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े करने पड़े।परिजनों को तेज धूप और गर्मी में करीब 3 घंटे तक सड़क के किनारे खड़े होकर परीक्षा समाप्त होने का इंतजार करना पड़ा।सड़क पर वाहनों की कतारों के कारण राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा।

**प्रशासन से सुधारात्मक कदम उठाने की मांग**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने हिमाचल प्रदेश सरकार, स्कूल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्कूल के शौचालयों की तुरंत मरम्मत करवाई जाए ताकि छात्रों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्र से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित बड़े खेल मैदान को पार्किंग के लिए खोला जाए।

प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि छात्रों और उनके परिजनों को भविष्य में ऐसी असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

## बैजनाथ खीरगंगा घाट की सीढ़ियों पर मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनीय जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका



जीत समाचार बैजनाथ (रवि कुमार) ।

बैजनाथ के प्रसिद्ध शिव मंदिर स्थित खीरगंगा घाट के पास आज उस समय हड़कंप मच गया, जब घाट की सीढ़ियों पर एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान कुनाल के रूप में हुई है, जो बैजनाथ के वार्ड नंबर–2 का निवासी था। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है।

**क्या है पूरा मामला?**

प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीच युवक की मौत को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

**पुलिस जांच और प्रारंभिक संकेत**

मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच और घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

**थाना प्रभारी ने बताया:**

मृतक की पहचान कुनाल के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।ৃ

**प्रशासन सतर्क**

बैजनाथ पुलिस इस दुखद घटना की गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक आखिरी बार किसके साथ था और उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो वे साझा करें ताकि जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

फिलहाल, पुलिस की फॉरेंसिक टीम और जांच अधिकारी घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## चढ़ियार गैस सर्विस की उपभोक्ता सूचना रविवार को इन क्षेत्रों में होगी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी

जीत समाचार चढ़ियार ।चढ़ियार गैस सर्विस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए गैस वितरण को लेकर एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रविवार, 14 जून 2026 को क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा।

इन क्षेत्रों में होगी आपूर्ति

गैस वितरण का कार्य महाकाल लिंक रोड, मनन स्कूल, लाहड़, बंदिया, नगेहर, खलेनू, अरला, लाहला, रामनगर, कृष्णानगर, मलेहर, कुदेल, मढ़, चनियारा, चौबिन, राजल, दर्दिन, बछल, पट, बिहाँट, पीड़, दुहक तथा कुनि में किया जाएगा।

महत्वपूर्ण निर्देश:

एजेंसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि वितरण कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए रविवार (14 जून) को कार्यालय या गोदाम से सीधे कोई भी सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। अतः उपभोक्ता गोदाम आने का कष्ट न करें।

**संपर्क और सहायता:**

यदि किसी उपभोक्ता को सिलेंडर वितरण को लेकर कोई सुझाव देना हो या किसी प्रकार की शिकायत दर्ज करानी हो, तो वे एजेंसी के कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

संपर्क सूत्र।01894–257444,01894–257666

चढ़ियार गैस सर्विस ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है ताकि वितरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

## शाहपुर में गैस किल्लत पर सख्त हुए विधायक केवल सिंह पठानिया, अधिकारियों को दिए तत्काल समाधान के निर्देश'



शाहपुर(ब्यूरों)।

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह शाहपुर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक आयोजित की।

बैठक में विधायक ने कहा कि उन्हें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे विशेष रूप से गृहिणियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोपरि है और गैस जैसी आवश्यक सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाहपुर विधानसभा के प्रत्येक गांव में निर्धारित समयावधि के भीतर गैस वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती कर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह ने विधायक को आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाएगा तथा गैस आपूर्ति व्यवस्था सामान्य होने तक अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

बैठक में एसडीएम शाहपुर गणेश ठाकुर, तहसीलदार शाहपुर दीक्षांत ठाकुर,खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुरेश, एरिया मैनेजर जागीर सिंह, निरीक्षक रणबीर सिंह सहित विभाग के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com




## कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में भीषण सड़क हादसाः पर्यटक कार दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत, 3 घायल




जीत समाचार कुल्लू(ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल कुल्लू की मणिकर्ण घाटी से एक दुखद समाचार सामने आया है। घाटी के सरसाड़ी नामक स्थान पर एक पर्यटक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे का विवरण

मिली जानकारी के अनुसार, कार में कुल पांच लोग सवार थे जो पंजाब के जालंधर के रहने वाले थे। सरसाड़ी के पास वाहन चालक का नियंत्रण खो गया, जिससे गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायलों को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मृतकों और घायलों की पहचान

हादसे में जान गंवाने वालों और घायलों की पहचान इस प्रकार है।

मृतकःपरमिंदर (45 वर्ष), नधि (19 वर्ष) घायल (उपचारधीन): रितु (40 वर्ष), मानव (17 वर्ष), आदित्य (6 वर्ष)

(सभी घायल जालंधर, पंजाब के निवासी हैं)

पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

इस हृदय विदारक घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

## असम में वायुसेना के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच वीर जवानों के शहीद होने का समाचार प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गहरा दुख व्यक्त किया

जीत समाचार शिमला (एजेंसी)। असम में वायुसेना के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच वीर जवानों के शहीद होने का समाचार प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि देश ने आज अपने पांच बहादुर सपूतों को खो दिया है। उनका साहस, कर्तव्यनिष्ठा और मातृभूमि के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।




प्रार्थना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर दिवंगत जनों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजन को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

इस दुःख की घड़ी में मुख्यमंत्री ने शोक–संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं।

## विकास खंड बल्ह में महिला उद्यमियों के लिए फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन



जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। जिला उद्योग केन्द्र, मंडी द्वारा शुक्रवार को विकास खंड कार्यालय, बल्ह में महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनआईटीकॉन लिमिटेड के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें जिले की लगभग 70 महिला उद्यमियों ने भाग लिया।

उद्योग विभाग की पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग विभाग की विस्तार अधिकारी बल्ह श्वेता ने की। इसका मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता एवं ऋण सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत करवाना तथा उपयुक्त विपणन एवं व्यवसायिक अवसरों से जोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना था।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी सब्सिडी एवं प्रोत्साहन योजनाओं, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण, डिजिटल एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रियाओं के संबंध में व्यवहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट तथा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे महत्वपूर्ण विपणन प्लेटफॉर्म के बारे में भी जागरूक किया गया, जिससे वे अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचा सकें।

कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चंदर प्रकाश, एनएसआईसी, मंडी के चीफ मैनेजर लोकेश भाटिया, वित्तीय साक्षरता केंद्र से हरि सिंह कौंडल, ग्रामीण विकास विभाग (एनआरएलएम) से वीरेंद्र कुमार (एमई) तथा एमएमएसवाई योजना की सफल महिला उद्यमी एवं लाभार्थी संजना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, जिला उद्योग केन्द्र, मंडी से राजश्री (आरएएमपी स्टाफ) ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

विशेषज्ञों द्वारा महिला उद्यमियों को एनएसआईसी के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा कौशल उन्नयन एवं उद्यमिता विकास के अवसरों से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट के दौरान महिला उद्यमियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय अवसरों से संबंधित प्रश्न पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

यह कार्यक्रम रैम्प परियोजना के अंतर्गत संचालित ष्सोशल इन्क्लूजनष् घटक के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुँच को सुदृढ़ करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से प्रभावी रूप से जोड़ना तथा स्थायी आजीविका एवं बाजार संपर्क सुनिश्चित करना है।

